Calgary

# Vehicle for Hire

**बुलेटिन # 003**

**अत्यंत महत्वपूर्ण परिवर्तन - टैक्सी चालक लाइसेंस पुलिस चेक** **2024 अक्टूबर 1**

---

वहिकल फॉर हाइरआपको नए टैक्सी चालक लाइसेंस आवेदनों और नवीकरण टैक्सी चालक लाइसेंस आवेदनों के लिए पुलिस जानकारी चेक प्राप्त करने की प्रक्रिया में होने वाले एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के बारे में सूचित करना चाहता है।

वर्तमान में, पुलिस चेकों को सुविधाजनक बनाने के लिए हमारी आंतरिक प्रणाली कैलगरी पुलिस सर्विस के साथ एकीकृत है। परन्तु, कैलगरी पुलिस सर्विस ने कहा है कि **1 जनवरी 2025 से** वे इस एकीकरण का समर्थन नहीं करेंगे। परिणामस्वरूप, **सभी टैक्सी चालक** आवेदकों को अपने नए या नवीकरण के आवेदन के भाग के रूप में **अपने निवास वाले शहर की पुलिस सेवा से सीधे ही** अपना पुलिस चेक कराना होगा तथा परिणाम वहिकल फॉर हाइर में जमा करने होंगे।

इस परिवर्तन की तैयारी के लिए, हम 1 जनवरी 2025 तक एक हाइब्रिड दृष्टिकोण अपनाएंगे। इस दौरान, हम अपनी वर्तमान प्रणाली के माध्यम से पुलिस चेकों की सुविधा जारी रखेंगे, लेकिन आवेदकों के पास हमारे फ्रंट काउंटर पर वैध पुलिस चेक जमा करने का विकल्प भी होगा। 1 जनवरी, 2025 से, अपने टैक्सी चालक लाइसेंस के लिए आवेदन करने या अपने टैक्सी चालक लाइसेंस को नवीनीकृत करने के इच्छुक सभी ड्राइवरों के लिए वहिकल फॉर हाइर में जमा करने के लिए अपना खुद का पुलिस चेक लाना अनिवार्य होगा। जमा किए गए पुलिस चेकों की तिथि आवेदन की तिथि से 60 दिनों के भीतर होना अनिवार्य है।

इस परिवर्तन का लाभ - वर्तमान में टैक्सी चालक लाइसेंस और ट्रैन्स्पर्टेशन नेटवर्क चालक लाइसेंस दोनों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों के लिए दो अलग-अलग पुलिस चेक प्राप्त करना अनिवार्य है। नई प्रक्रिया के तहत, दोनों आवेदनों के लिए एक ही पुलिस चेक स्वीकार किया जाएगा, जिससे आवेदकों का समय बचेगा और लागत कम होगी।कैलगरी पुलिस चेक के लिए आवेदन करने हेतु कृपया इस लिंक को फॉलो करें: *कैलगरीपुलिसचेक*

यदि आपके कोई प्रश्न हों तो कृपया vfhlicensing@calgary.ca पर ईमेल करें।

भवदीय,

कोरी पोर्टर
डिप्टी चीफ, वहिकल फॉर हाइर
पब्लिक वहिकल स्टैन्डर्डज़